क्वाक्वेरेली साइमंड्स विश्व रैंकिंग 2024

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) बॉम्बे ने [क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग]() के नवीनतम संस्करण में विश्व के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में जगह बनाकर एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि आठ वर्ष बाद प्राप्त हुई है जब **भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) बंगलूरू ने इसी प्रकार की उपलब्धि** हासिल की थी।

- हालाँकि रैंकिंग सूची में उतार-चढ़ाव देखा गया है तथा IISc में 70 स्थान की गिरावट दर्ज की गई है। इन परिवर्तनों का श्रेय यूनाइटेड किंगडम स्थित रैंकिंग एजेंसी क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा पेश किये गए **संशोधित रैंकिंग मापदंडों** को दिया जाता है।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के मुख्य बिंदु:

- **वैश्विक रैंकिंग अवलोकन:**
  - **मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT)** ने लगातार बारहवीं बार विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।
  - **नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर** शीर्ष 10 में प्रवेश करने वाला **पहला एशियाई विश्वविद्यालय** बन गया है।
- **क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालय:**
  - 45 विश्वविद्यालयों की रैंकिंग के साथ भारत **विश्व स्तर पर सातवाँ सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश है।**
  - क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में वैश्विक स्तर पर **149वाँ स्थान** हासिल करते हुए IIT बॉम्बे ने अब तक की अपनी सर्वोच्च रैंक हासिल की है।
    - IIT बॉम्बे ने **रोज़गार प्रतिष्ठा और प्रति संकाय शोध** में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है। प्रति संकाय शोध में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, यह 55.1 से बढ़कर 73.1 हो गई है।
  - **दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्ना विश्वविद्यालय** शीर्ष 500 विश्वविद्यालयों में **पहली बार शामिल हुए हैं।**

QS RANKING (INDIAN INSTITUTIONS)

National Rank	2024 Rank	2023 Rank	Institution Name
1	149	172	IIT, Bombay (IITB)
2	197	174	IIT, Delhi (IITD)
3	225	155	Indian Institute of Science
4	271	270	IIT, Kharagpur (IIT-KGP)
5	278	264	IIT, Kanpur (IITK)
6	285	250	IIT, Madras (IITM)
7	364	384	IIT, Guwahati (IITG)
8	369	369	IIT, Roorkee (IITR)
9	407	521-530	University of Delhi
10	427	551-560	Anna University

Source: QS

//

क्यूएस में संशोधित रैंकिंग पैरामीटर:

- क्यूएस ने तीन नए संकेतक प्रस्तुत किये: **स्थिरता, रोज़गार परिणाम और अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क,** प्रत्येक का भार 5% है।
- समायोजन वर्तमान मापदंडों: शैक्षणिक प्रतिष्ठा, संकाय-छात्र अनुपात तथा नियोक्ता प्रतिष्ठा के अनुसार किया गया।
- संकाय-छात्र अनुपात के लिये वेटेज में कमी।
- **भारतीय संस्थाओं पर प्रभाव:**
    - **संकाय-छात्र अनुपात वेटेज में कमी से भारतीय संस्थानों को समग्र रूप से लाभ** होता है।
    - हालाँकि IISc जैसे अनुसंधान-केंद्रित संस्थानों को वेटेज में कमी के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।
    - रोज़गार परिणाम संकेतक कई भारतीय संस्थानों को लाभान्वित करते हैं।

Parameter	Previous Weightage	Revised Weightage
Academic Reputation	40%	30%
Faculty-Student Ratio	15%	10%
Employer Reputation	10%	15%
Sustainability (New Indicator)	-	5%
Employment Outcomes (New Indicator)	-	5%
International Research Network (New Indicator)	-	5%

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग:

- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग प्रतिवर्ष **क्वाक्वेरेली साइमंड्स** द्वारा जारी की जाती है।
- इस रैंकिंग में **विश्व भर के विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन और गुणवत्ता का मूल्यांकन** किया जाता है।
- यह कार्यप्रणाली शैक्षणिक प्रतिष्ठा, संकाय-छात्र अनुपात, नियोक्ता प्रतिष्ठा, स्थिरता, रोज़गार परिणाम, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क, प्रति संकाय उद्धरण, अंतर्राष्ट्रीय संकाय अनुपात और अंतर्राष्ट्रीय छात्र अनुपात जैसे संकेतकों पर विचार करती है।
- इसके तहत **विषय, क्षेत्र, छात्र शहर, बिज़नेस स्कूल और स्थिरता के आधार पर रैंकिंग प्रदान की जाती है।**

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/qs-world-ranking-2024